7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर । दिल्ली । हरियाणा । पंजाब । चंडीगढ़

अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 20 फरवरी 2018
amarujala.com

बिमटेक बरसाना में बना रहा बिरला पुस्तकालय

ग्रेटर नोएडा। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी की सीएसआर विंग बिमटेक फाउंडेशन और रंगनाथ सोसाइटी फॉर वेलफेयर एंड लाइब्रेरी डेवलपमेंट की ओर से श्रीमाता गोशाला बरसाना मथुरा में बिरला पुस्तकालय की स्थापना की जा रही है। 24 फरवरी को इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

बिमटेक के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने बताया कि मान मंदिर बरसाना के गुरुकुल में 500 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। इनके लिए पुस्तकालय बनाने के लिए आश्रम से अनुरोध किया गया था। पुस्तकालय में 1500 किताबों के साथ डिजिटल संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं। कॉलेज के डॉ. ऋषि ने बताया कि इससे पूर्व प्रदेश के छह जिला कारागार में भी सीएसआर के तहत पुस्तकालय बनाकर दिए गए हैं। ब्यूरो